**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

## पोप राजकीय शोक

इसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में भारत सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज कांगड़ा जिला के इंदौरा उपमंडल मुख्यालय में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, जिला प्रशासन कांगड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। राज्यपाल इंदौरा बैरियर चौक से नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंड़ी दिखाएंगे। उसके बाद तकनीकी विवि से संबद्ध मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा के परिसर में सार्वजनिक कार्यक्रम को राज्यपाल संबोधित करेंगे।

## कांग्रेस बैठक

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक होने जा रही है। बैठक में पार्टी के सभी विधायक, पूर्व विधायक और अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद होने जा रही ये बैठक प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए चलाए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों और राज्य कार्यकारिणी के गठन को लेकर अहम मानी जा रही है।

## सुधीर शर्मा

पूर्व मंत्री व धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का शिकार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। कल धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा राजस्व का जरिया एक्साइज और टैक्सेशन विभाग भी सरकार की नीतियों के कारण घाटे में चल रहा है। जिसमे इस वर्ष शराब के ठेके टेंडर प्रक्रिया के बावजूद नहीं बिके हैं। उन्होंने कहा की वित्तीय कुप्रबंधन का स्पष्ट प्रमाण है की अब मिल्कफेड, वन विभाग और नगर निगम शराब के ठेके चलाएंगे।

## भाजपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों प्रदेश भर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। 14 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के संपूर्ण जीवन और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया जा रहा है। भाजपा के मीडिया प्रभारी करण नंदा ने बताया कि अभियान के तहत आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में एक सम्मान सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## देवयात्रा

चंबा जिला में सदियों से चल रही परंपरा के अनुसार मां बेरावाली भगवती इन दिनों क्षेत्र की देव यात्रा पर है। 15 दिनों की इस यात्रा के दौरान मां बेरावाली अपनी बहन चामुंडा से मिलने चामुंडा मंदिर परिसर पहुची हैं। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं परंपरा के अनुसार मां बेरावाली भगवती को लोग अपने घर बुलाकर पूजा–अर्चना करते हैं। यात्रा के अंतिम दिन 28 अप्रैल को चामुंडा माता मंदिर परिसर में जातर मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। राज्य में पिछले एक सप्ताह में वर्षा व बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा जिसके चलते बीते कल भी प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्र में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई. सप्ताह भर में प्रदेश में सामान्य से 10 मिली मीटर अधिक बारिश हुई भारी वर्षा, तूफान और ओलावृष्टि से सेब और अन्य स्टोन फ्रूट में फूलों की सेटिंग प्रभावित हुई वहीं कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला, पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **बिजली बोर्ड में भरे जाएंगे टीमेट, लाइनमैन के दो हजार पद। आपका फैसला** के शब्द हैं **बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े प्रावधान करें।**

**कोई भी आरोप तय होने पर नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव** शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने नियमों को लेकर जारी किए सर्कुलर।